**मुख्य समाचार :—**

- केंद्र सरकार ने कहा— जीएसटी में बड़े स्तर पर सुधारों से सहकारी क्षेत्र को मज़बूती मिलेगी, सहकारी उत्पाद प्रतिस्पर्धी बनेंगे और माँग बढ़ेगी।
- प्रदेश में आपदा से हुई क्षति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम कल राज्य के भ्रमण पर आएगी।
- आज से श्राद्ध पक्ष शुरू, तीर्थ नगरी हरिद्वार में पितरों की मोक्ष की कामना और पितृ ऋण से मुक्ति पाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु।
- पूर्ण चंद्र ग्रहण आज, रात आठ बजकर 58 मिनट से शुरू होकर कल तड़के सुबह दो बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा।

**जीएसटी**

सरकार ने कहा है कि वस्तु और सेवाकर— जीएसटी में व्यापक सुधार से सहकारी क्षेत्र मज़बूत होंगे, उत्पाद प्रतिस्पर्धी बनेंगे, उत्पादों की माँग बढ़ेगी और सहकारी समितियों की आय में वृद्धि होगी। सहकारिता मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी सुधार से ग्रामीण उद्यमिता और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सहकारी समितियों को प्रोत्साहन मिलेगा और लाखों परिवारों के लिए आवश्यक वस्तुओं तक किफ़ायती पहुंच सुनिश्चित होगी।

**आपदा**

प्रदेश में आपदा से हुई क्षति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम कल राज्य के भ्रमण पर आ रही है। सोमवार को केंद्रीय टीम के साथ शासन में बैठक होगी, जिसमें उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा। साथ ही आपदा से हुई वास्तविक क्षति का आकलन करने के लिए पीडीएनए यानी पोस्ट डिजास्टर नीड एसेसमेंट की कार्यवाही भी जल्द की जाएगी। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि एनडीएमए के विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह तथा सचिव मनीष भारद्वाज ने आपदा से राज्य को हुई क्षति की प्रतिपूर्ति के लिए हरसंभव आर्थिक मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अभी तक 574 मिमी बारिश हुई है, जो पिछले कुछ वर्षों में सर्वाधिक है। बारिश अधिक होने के कारण नुकसान भी ज्यादा हुआ है। अंतर मंत्रालय केंद्रीय टीम को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पौड़ी, बागेश्वर व नैनीताल का भ्रमण कराया जाएगा। राज्य के स्तर पर टीम के भ्रमण को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। टीम दो भागों में उपरोक्त जनपदों का भ्रमण करेगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मानसून सीजन में अब तक राज्य को व्यापक क्षति हुई है।

**रोजगार**

प्रदेश सरकार की ओर से युवाओं को रोजगार और स्किल प्रदान करने के लिए विशेष तौर पर फोकस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चार साल के कार्यकाल में 25 हजार युवाओं का चयन सरकारी सेवा में हुआ है। इस दौरान लोक सेवा आयोग, उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, चिकित्सा सेवा चयन आयोग के जरिए 25 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में स्थायी रोजगार प्रदान किया जा चुका है। मौजूदा सरकार ने 9 नवंबर 2022 से मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना शुरु की है। इसके लिए युवाओं को आतिथ्य, नर्सिंग, ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करते हुए जर्मनी और जापान में रोजगार प्रदान किया जा रहा है। योजना के तहत अब तक 154 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिसमें से 37 को जापान में रोजगार प्रदान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल के जरिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है।

**श्राद्ध पक्ष**

आज से श्राद्ध यानि पितृपक्ष आरंभ हो गए हैं। तीर्थ नगरी हरिद्वार में पितरों की मोक्ष की कामना और पितृ ऋण से मुक्ति पाने के लिए बड़ी संख्या में विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालु आना शुरू हो गए हैं। पितृपक्ष में श्रद्धालु अपने पितरों की मोक्ष की कामना और पितरों के आशीर्वाद की कामना से पिंडदान, तर्पण और हवन करते हैं। पुरोहित परीक्षित सिखोला ने बताया कि आज के दिन गंगा तट पर स्नान दान तर्पण आदि करने

से घर में सुख शांति रहती है और पितरों का आशीर्वाद मिलता है। वहीं श्रद्धालुओं का कहना है कि हरिद्वार में गंगा स्नान करने के बाद पिंडदान, तर्पण करने से पुण्य लाभ मिलता है।

**चंद्र ग्रहण**

आज पूर्ण चंद्र ग्रहण है। यह ग्रहण पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ेगा। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के साथ ही एशिया, ऑस्ट्रेलिया, पूर्वी अफ्रीका और यूरोप के कुछ हिस्सों में भी यह नजर आयेगा। चंद्रग्रहण रात आठ बजकर 58 मिनट से शुरू होकर कल तड़के सुबह दो बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा। एक दुर्लभ खगोलीय घटना एक दशक में सबसे लंबे ग्रहणों में से एक होगी। इसकी अवधि 82 मिनट की होगी और चंद्र ग्रहण पाँच घंटे से अधिक समय तक रहेगा। चन्द्रग्रहण के चलते बद्रीनाथ धाम के कपाट 9 घंटे बंद रहेंगे, मंदिर प्रबंधन के अनुसार सूतक 12 बजकर 56 मिनट पर प्रारंभ हो गया है। जिसके चलते कपाट बंद कर दिए गए हैं।

चंद्र ग्रहण 2

देहरादून स्थित उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकास्ट) की ओर से एक विशेष कार्यक्रम में लोगों को टेलीस्कोप के माध्यम से पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाया जाएगा। यह कार्यक्रम आंचलिक विज्ञान केंद्र देहरादून में शाम सात बजे से रात एक बजे तक चलेगा। इसमें वैज्ञानिकों के साथ आमजन, परिवारों और बच्चों को भी चंद्र ग्रहण की हर अवस्था को सुरक्षित रूप से देखने और समझने का अवसर मिलेगा। यूकास्ट के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने बताया कि यह सिर्फ खगोल विज्ञान का विषय नहीं, बल्कि हमारे और ब्रह्मांड के बीच गहरे संबंध को महसूस करने का अवसर है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग इस अनोखे पल को देखें, समझें और ब्रह्मांड की सुंदरता को महसूस करें।

गणेश जोशी

प्रदेश के कृषि व कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के परेड ग्राउंड से नशे के खिलाफ थीम पर आयोजित 10 किमी मैराथन दौड़ को फ्लैग ऑफ किया। इस दौरान मंत्री ने नशा मुक्ति के संकल्प के साथ युवाओं के साथ दौड़ लगाई। इस मौके पर श्री जोशी ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए प्रत्येक व्यक्ति का निरोगी होना अनिवार्य है। जीवन के सभी सुख और सफलता निरोगी काया से ही संभव हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मन, वचन और कर्म के लिए शरीर का तंदुरुस्त होना जरूरी है। मंत्री ने युवाओं से "ड्रग्स फ्री उत्तराखंड" का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे समाज को कमजोर करता है। उन्होंने शारीरिक व्यायाम को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में प्रतिभागियों को जागरूक किया।

**उत्तरकाशी आपदा**

उत्तरकाशी जिले के नौगांव क्षेत्र में भारी बारिश और अतिवृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। बरसाती गाड़–गदेरों के उफान से दुकानों, मकानों और होटलों में मलबा और पानी घुस गया, जिसके बाद नौगांव खड्ड, देवलसारी खड्ड और मुराड़ी खड्ड का जलस्तर अचानक बढ़ने से ग्रामीण भयभीत हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और प्रशासन की टीम ने राहत–बचाव कार्य शुरू किया। फिलहाल सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारी को तत्काल राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, वहीं आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर तैनात हैं और हालात पर लगातार नज़र रखी जा रही है।

**मौसम**

बीते दो दिनों से राज्य में बारिश से हल्की राहत मिली है। आज मौसम विभाग ने देहरादून, चंपावत, बागेश्वर और नैनीताल जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के शेष जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने हुए हैं।